## कार्यपत्र-11

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) किसी संज्ञा या सर्वनाम का दूसरी संज्ञा या सर्वनाम से संबंध बताने वाला कारक क्या कहलाता है?

(iv) संबंध कारक ✓

(ख) परसर्ग चिह्नों को कहते हैं– (i) विभक्ति चिह्न ✓

(ग) 'उसने गीता को खाना दिया।' – रेखांकित पद में कौन-सा कारक है? (ii) संप्रदान कारक ✓

(घ) 'बच्चा छत पर सो रहा है।' – रेखांकित पद में कौन-सा कारक है? (i) अधिकरण कारक ✓

(ङ) 'अरे भाई! ज़रा कुर्सी इधर रख दो।' – रेखांकित पद में कारक भेद है– (iii) संबोधन कारक ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) किसी वाक्य में प्रयुक्त संज्ञा अथवा सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध वाक्य की क्रिया से जाना जाए, उसे कारक कहते हैं; जैसे– रवि ने पतंग उड़ाई।

(ख) जहाँ साधन के अर्थ में 'से' का प्रयोग हो वहाँ करण कारक होता है और जहाँ तुलना, डर तथा अलग होने का भाव हो, वहाँ अपादान कारक होता है। जैसे–

नौकरानी झाड़ू से घर साफ़ करती है। (करण कारक)

आरुषी सीढ़ियों से गिर गई। (अपादान कारक)

**3. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के कारक-भेद लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | बतख पानी में तैर रही है। | अधिकरण कारक |
| (ख) | गरिमा ने कपड़े धोए। | कर्ता कारक |
| (ग) | पेड़ से सेब नीचे गिरा। | अपादान कारक |
| (घ) | गुड़िया मेज़ पर रखी है। | अधिकरण कारक |
| (ङ) | माली ने डंडे से गधे को पीटा। | करण कारक |

**4. निम्नलिखित कारक-भेदों का एक-एक वाक्य लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | कर्म कारक | लड़के ने कुत्ते को मारा। |
| (ख) | संप्रदान कारक | रवि माता जी के लिए दवा लाया। |
| (ग) | अपादान कारक | बिल्ली पेड़ से गिर गई। |
| (घ) | अधिकरण कारक | रोहन कमरे में बैठा है। |
| (ङ) | संबोधन कारक | अरे सचिन! तुम क्या कर रहे हो? |

**5. निम्नलिखित वाक्यों में कारक संबंधी अशुद्धियाँ दूर करके वाक्य पुनः लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | बच्चा गेंद को खेलता है। | बच्चा गेंद से खेलता है। |
| (ख) | मौसी पारूल ने उपहार लाई। | मौसी पारूल के लिए उपहार लाई। |
| (ग) | गंगा हिमालय में निकलती है। | गंगा हिमालय से निकलती है। |
| (घ) | अभिषेक छत में पतंग उड़ा रहा है। | अभिषेक छत पर पतंग उड़ा रहा है। |
| (ङ) | पिता जी ने पत्र के संदेश भेजा। | पिता जी ने पत्र से संदेश भेजा। |
| (च) | सौम्या ने पिता जी से चश्मा दिया। | सौम्या ने पिता जी को चश्मा दिया। |